
उत्तराखंड सरकार द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस मनाते हुए।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस मनाया गया

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग उत्तराखंड सरकार द्वारा बुधवार को आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस मनाया गया। यह दिवस आपदाओं के प्रति सजगता, सतर्कता और उससे बचने के उपायों के बारे में आम जनमानस के बीच जनजागरूकता बढ़ाने हेतु मनाया जाता है। उत्तराखंड के विभिन्न stakeholders को विभिन्न आपदाओं से जुड़े विषयों से अवगत कराने के लिए उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आपदा सुरक्षित उत्तराखंड विषय पर होटल पैसिफिक, देहरादून में एक कार्यशाला आयोजित की गयी।

### हेमा नेगी करासी के नए गीत सेम नागराज जागर हुआ रिलीज

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड की प्रसिद्ध लोकगायिका हेमा नेगी करासी के नए गीत सेम नागराज जागर में सेममुखेम के मनभावक परिदृश्यों को फिल्माया गया है। राजपुर रोड स्थित एक होटल में गीत को रिलीज किया गया। कार्यक्रम में पूर्व पुलिस महानिदेशक अनिल कुमार रतूड़ी ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने भी इस पारम्परिक जागर की सहराना करते हुए कहा कि गीत में उत्तराखंड की संस्कृति को संजोके रखने का काम किया है।

### एचपी ने पेश किया पहला एएमडी प्रोसेसर वाला क्रोमबुक पीसी

**संवाददाता** देहरादून। एचपी ने आज भारत में अपने नए क्रोमबुक लैपटॉप के उपलब्ध होने की घोषणा की जो एएमडी प्रोसेसर वाला एचपी का पहला क्रोमबुक है। नया नोटबुक एचपी क्रोमबुक गुणा 360 14ए 4 से 15 साल उम्र के छात्रों की जरूरतों को पूरा करता है, ताकि वे कनेक्टेड रहें, प्रोत्साहित रहें और रचनात्मक बने रहें, भले ही वे घर पर रहें या क्लासरुम में। महामारी के इस दौर में सामने आई "नई सामान्य परिस्थिति" में पीसी पढ़ाई के लिए जरूरी प्लेटफॉर्म के तौर पर उभरा है।

### रेडक्लिफ लाइफ डायग्नोस्टिक्स ने दून में सैटेलाइट लैब शुरू की

**संवाददाता** देहरादून। अमेरिका और भारत में रेडक्लिफ लाइफटेक की इकाई रेडक्लिफ लाइफ डायग्नोस्टिक्स ने देहरादून में और उसके आसपास के क्षेत्र में लोगों के बीच बढ़ती स्वास्थ्य जांच की मांग को पूरा करने के लिए शहर में नई लैब खोली है। खर्च योग्य आय में तेजी की वजह से मौजूदा समय में लोगों में कलेक्शन केंद्रों पर लाइन में लगने से बचने और सभी आय के परिवारों में सेल्फ–डायग्नोसिस और होम कलेक्शन सुविधा हासिल करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है।

# आमजन को राहत देने का काम कर रही राज्य सरकार

**घोषणाएं**

- सीएम पुष्कर सिंह धामी ने किच्छा में 105 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया
- 8 करोड़ 50 लाख की योजनाओं का लोकार्पण एवं 96 करोड़ 42 लाख की योजनाओं का शिलान्यास किया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को किच्छा विधानसभा में 8 करोड़ 50 लाख की योजनाओं का लोकार्पण एवं 96 करोड़ 42 लाख की योजनाओं का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने किच्छा विधानसभा क्षेत्र के लिये अनेक घोषणाएं करते हुए कहा कि किच्छा के खुरपिया फार्म में अमृतसर–कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए सिडकुल को दी गई 1 हजार एकड़ भूमि पर जल्द ही उद्योगों की स्थापना की जाएगा। इससे बडी संख्या में युवाओं को रोजगार मिलेगा। किच्छा में भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी की भव्य प्रतिमा के लिए पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था की जाएगी। राजकीय हाई स्कूल को उच्चीकृत कर राजकीय इंटर कॉलेज बनाया



जाएगा। किच्छा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को अपग्रेड किया जाएगा। खुरपिया फार्म में प्रस्तावित केन्द्रीय विद्यालय का निर्माण जल्द शुरू करने के लिए भारत सरकार से बात कर रहे हैं। किच्छा विधानसभा क्षेत्र में ही ग्रीन फील्ड इंटरनेशनल एयरपोर्ट का काम जल्द शुरू करने के लिए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री ने किच्छा में 10 किमी आंतरिक मार्गों का निर्माण और सामुदायिक केन्द्र व वृद्धाश्रम के लिए भूमि उपलब्ध कराने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मेरे मुख्य सेवक की भूमिका निभाने के बाद हमारी सरकार लगातार ही जनहित के फैसले ले रही है। उन्होंने कहा हमारी सरकार युवाओं को रोजगार देने पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा विभिन्न विभागों में रिक्त चल रहे 24 हजार पदों पर भर्ती एवं युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए युवाओं हेतु प्रत्येक जिले में मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत ऋण वितरित किए जा रहे है। उन्होंने कहा लंबे समय से चली आ रही आशा कार्यकत्रियों की मांग को पूरा करते हुए उनके मानदेय के अन्तर्गत 1000 और प्रोत्साहन राशि के रूप में 500 दिए बढ़ाए हैं। साथ ही उन्होंने कहा मलिन बस्तियों को आने वाले 3 साल में मालिकाना हक मिले इस पर सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा हमारी सरकार ने गांव के विकास में अहम योगदान निभाने वाले ग्राम प्रधानों का मानदेय 3500 तक बढ़ाया है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, स्वामी यतीश्वरानंद, विधायक राजेश शुक्ला, सौरभ बहुगुणा एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखण्ड से भावनात्मक लगावः मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत गौरवशाली, शक्तिशाली, आत्मनिर्भर एवं विश्व गुरु के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तराखंड जैसे युवा राज्य को आने वाले समय में शिक्षा ,स्वास्थ्य , पर्यटन , व्यापार , उद्योग जैसे तमाम क्षेत्रों में हिंदुस्तान का नंबर वन राज्य बनाएंगे। उन्होंने कहा हमारी सरकार समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को लाभ पहुंचे इस पर निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा राज्य का विकास मेरी अकेली यात्रा नहीं अपितु सामूहिक यात्रा है जिसमें सभी की सहभागिता जरूरी है।

# विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों हेतु प्रदान की वित्तीय स्वीकृति

**स्वीकृति**

- ऋण खाताधारकों को छः माह हेतु ब्याज प्रतिपूर्ति सहायता उपलब्ध कराने हेतु 6 करोड़ की स्वीकृति

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के ऋण खाताधारकों को छः माह हेतु ब्याज प्रतिपूर्ति सहायता उपलब्ध कराने हेतु 6 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत लाठरदेवा हूण से बुडपुर नूरपुर होते हुये लाठरदेवा शेख मार्ग तक सड़क निर्माण हेतु 116.56 लाख, विधानसभा क्षेत्र सहासपुर के अन्तर्गत भाऊवाला में सम्पर्क मार्ग/आंतरिक मार्गों के निर्माण कार्यों हेतु 211.26 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र नरेन्द्र नगर में 70 वर्षों से जीर्ण शीर्ण पूल्ड हाउस के भवनों के स्थान पर श्रेणी 2 के 24 आवासों का निर्माण कार्य हेतु 489.89 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत विकासखण्ड जखोली में सिंराई नन्दवाणगांव भटवारी मोटर मार्ग में डामरीकरण हेतु 187.54 लाख रूपये, विधानसभा सल्ट के अन्तर्गत सुमनलता भदौला मोटर मार्ग से सेरा कैलानी तल्ला भनेरिया तक मोटर मार्ग हेतु 107.95 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र देवप्रयाग के अन्तर्गत विभिन्न 02 निर्माण कार्यों हेतु 152.55 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र डीडीहाट के अन्तर्गत अल्काथल नैनादेवी मोटर मार्ग में डामरीकरण एवं सुधारीकरण हेतु 258.21 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र कपकोट के अन्तर्गत विभिन्न 2 निर्माण कार्यों हेतु 132.48 लाख रूपये की स्वीकृति के साथ ही जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल की कण्डारस्यूं पेयजल योजना हेतु 2064.57 लाख रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

**सीएम ने विभिन्न महाविद्यालयों में पदों के सृजन हेतु प्रदान की स्वीकृति**

मुख्यमंत्री ने जनपद नैनीताल के हल्द्वानी शहर में नवीन राजकीय स्नातक महाविद्यालय खोले जाने हेतु 25 पदों, जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत दन्या में नवीन राजकीय स्नातक महाविद्यालय खोले जाने हेतु 16 पदों, जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत हरिद्वार शहर में नवीन राजकीय स्नातक महाविद्यालय खोले जाने हेतु 27 पदों, जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत खिर्सू में नवीन राजकीय स्नातक महाविद्यालय खोले जाने हेतु 10 पदों, जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत कल्जीखाल में नवीन राजकीय महाविद्यालय खोले जाने हेतु 10 पदों, पूर्व से संचालित राजकीय महाविद्यालय मजरा महादेव, पौड़ी गढ़वाल में स्नातक स्तर पर 3 पदों, जनपद चमोली के अन्तर्गत देवाल में नवीन राजकीय स्नातक महाविद्यालय खोले जाने हेतु 14 पदों एवं जनपद ऊधमसिंह नगर के नानकमत्ता क्षेत्रान्तर्गत नवीन राजकीय महाविद्यालय के संचालन हेतु 23 पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की है।

### यूथ वोटर फेस्टिवल का हुआ आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सौजन्या ने तुलाज इन्स्टीट्यूट और शिवालिक कालेज में यूथ वोटर फेस्टिवल के तहत छात्र छात्राओं से संवाद किया। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए धूलकोट, देहरादून स्थित तुलाज इन्स्टीट्यूट और शिवालिक कालेज में यूथ वोटर फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इसके तहत मतदाता शपथ, भाषण प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विजताओं को पुरस्कृत भी किया। इसके अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा छात्र–छात्राओं द्वारा पूछी गयी जिज्ञासा के भी उत्तर दिये गये। कार्यक्रम में स्वीप के राज्य नोडल अधिकारी असलम सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।